



SHRI MEHBOOB GOUS SAYED ALIAS SAYEDBHAI

Shri Mehboob Gous Sayed alias Sayedbhai is a social worker and the Founder of 'National Integration Committee'. He has also established Muslim Satya Shodhak Mandal along with Shri Hamid Dalwai. He is also the Founder of 'All India Progressive Muslim Conference', the organization dedicated to the national integration, internal reform, gender justice and movement to bring reforms in the Muslim Personal Law.

2. Born on 6th April, 1936 in a very poor family, Shri Sayedbhai could not get the formal education. He started his career as an unskilled labour with 'Bharat Pencil Work' at the age of thirteen. Later, he launched an orchestra 'M. Sayed and Party' with the help of some small time artists, which became very popular in those days. He, being the multi-dimensional personality, used this orchestra as a tool to create social awareness among common people through entertainment. At present, he runs a small MSME Unit named Maharashtra Grinding Mill at Pune. He trains and teaches the young students how to make 'Agarbatti' [incense sticks] and helps them to create self-employment.

3. Shri Sayed bhai has organized conferences on 'Gender Justice' at different cities all over the country. In order to help the oppressed women and to get their legal rights secured, he has also established 25 centers for Gender Justice at different cities in India. He has also approached the Supreme Court for the provision of child adoption in Muslim Community.

4. Shri Sayed bhai has visited Bangladesh, Pakistan, England, France, Holland, Switzerland and other European countries for social studies and social interaction and has got the global view to look at the local social issues.

5. Shri Sayed bhai is the recipient of numerous awards and honours. He has been conferred the prestigious awards by several well-known organisations such as F.I.O. Foundation, Seva Sadan, D. R. Nagarkar Foundation, Pune Foundation, Bharat English School and Maharashtra Foundation [USA]. Chaturang Pratishthan has conferred on him the most prestigious `Chaturang Jeevan Gaurav Purskar'.





श्री महबूब गौस सय्यद उर्फ सय्यद भाई

श्री महबूब गौस सय्यद उर्फ सय्यद भाई एक सामाजिक कार्यकर्ता और 'राष्ट्रीय एकता समिति' के संस्थापक हैं। उन्होंने श्री हामिद दलवई के साथ मुस्लिम सत्यशोधक मंडल की स्थापना भी की है। वह राष्ट्रीय एकता, आंतरिक सुधार, लैंगिक न्याय और मुस्लिम पर्सनल लॉ में सुधार के लिए समर्पित संगठन 'ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव मुस्लिम कॉन्फ्रेंस' के संस्थापक भी हैं।

2. 6 अप्रैल, 1936 को एक बहुत ही गरीब परिवार में जन्मे श्री सय्यद भाई औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत तेरह साल की उम्र में 'भारत पेंसिल वर्क' में एक अकुशल कामगार के रूप में की थी। बाद में, उन्होंने कुछ छोटे कलाकारों की मदद से एक ऑर्केस्ट्रा 'एम.सैयद एंड पार्टी' बनाई, जो उन दिनों बहुत लोकप्रिय हुआ। बहुआयामी व्यक्तित्व होने के नाते, उन्होंने, इस ऑर्केस्ट्रा का इस्तेमाल मनोरंजन के माध्यम से आम लोगों में सामाजिक जागरूकता पैदा करने के लिए किया। वर्तमान में, वह पुणे में 'महाराष्ट्र ग्राइंडिंग' मिल नामक एक छोटी एमएसएमई इकाई चलाते हैं। वह युवा छात्रों को अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण देते हैं और स्वरोजगार में उनकी मदद करते हैं।

3. श्री सय्यद भाई ने पूरे देश के विभिन्न शहरों में 'जेंडर जस्टिस' पर सम्मेलन आयोजित किए हैं। पीड़ित महिलाओं की मदद करने और उन्हें कानूनी अधिकार दिलाने के लिए, उन्होंने भारत के विभिन्न शहरों में 25 जेंडर जस्टिस केंद्र भी स्थापित किए हैं। उन्होंने मुस्लिम समुदाय में बच्चा गोद लेने का प्रावधान करने के लिए उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया है।

4. श्री सय्यद भाई ने सामाजिक अध्ययन और सामाजिक संवाद के लिए बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, फ्रांस, हॉलैंड, स्विट्जरलैंड और अन्य यूरोपीय देशों का दौरा किया है और स्थानीय सामाजिक मुद्दों के प्रति विश्व नजरिया हासिल किया है।

5. श्री सय्यद भाई को कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं। उन्हें एफ.आई.ओ. फाउंडेशन, सेवासदन, डी. आर. नागरकर फाउंडेशन, पुणे फाउंडेशन, भारत इंग्लिश स्कूल और महाराष्ट्र फाउंडेशन ख्यूएसए,, जैसे कई प्रतिष्ठित संगठनों द्वारा प्रख्यात पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। चतुरंग प्रतिष्ठान ने उन्हें अति प्रतिष्ठित 'चतुरंग जीवन गौरव पुरस्कार' प्रदान किया गया है।